प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.05.2025
समय : 01:00 पी.एम.

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिन्दूर सेना की बहादुरी का प्रतीक है। आतंकवाद को बढावा देने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया है। श्री शाह आज नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह और रूस्तम जी मेमोरियल लेक्चर को संबोधित कर रहे थे। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित इस समारोह में उन्होंने बीएसएफ के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने सभी कठिनाईयों को पार करके भी विश्व में सर्वश्रेष्ठ बल बनकर बेहतरीन मिसाल कायम की है।

पिछले दो वर्षों में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए लगभग तीन हज़ार अग्निवीरों ने ऑपरेशन सिंदूर में आगे बढ़कर सेना का नेतृत्व किया। अग्निवीरों में से अधिकतर 20 साल के युवा थे, जिन्होंने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों से भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों की रक्षा की। वायु रक्षा इकाइ में लगभग दो सौ अग्निवीर मौजूद थे। इन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर तैनात वायु रक्षा इकाई में भी धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। इसमें गनर, ऑपरेटर फायर कंट्रोल, ऑपरेटर रेडियो और बंदूकें और मिसाइलें लगी हुई भारी–भरकम वाहनों के चालक शामिल थे। रडार और आकाशतीर नोड्स के अलावा, युवा अग्निवीरों ने विभिन्न मिसाइलों का संचालन किया।

जयपुर स्थित पुलिस आयुक्तालय में आज पुलिसकर्मियों के लिये लाफ्टर योगा कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान यातायात पुलिसकर्मियों, पुलिस लाईन और थानों के चुनिंदा जवानों को योग प्रशिक्षकों ने लाफ्टर योगाभ्यास कराया। पुलिसकर्मियों में तनाव को दूर करने और उन्हें स्वास्थ्य लाभ पंहुचाने के उद्देश्य से ये योगाभ्यास कराया गया। यातायात और प्रशासन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच ने बताया कि पुलिसकर्मियों में विषम परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर शारीरिक और मानसिक तनाव को दूर करने में लाफ्टर योगाभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोताओं के सुझाव भेजने की आज आखिरी तारीख है। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग में कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। वहीं शेष भागों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 30 मिलीमीटर बरसात भीलवाडा के शाहपुरा में दर्ज की गयी। कल कई स्थानों पर दोहपर बाद तेज आंधी चली और बरसात हुई। राजधानी जयपुर में भी देर शाम धूलभरी हवायें चली और बूंदाबांदी हुई। चित्तौडगढ में तेज अंधड के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे वहीं साडास क्षेत्र के एक गांव में तेज आंधी से कच्चे मकान की दीवार गिर गयी। दीवार के नीचे दबने से एक महिला और बच्चे की मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर धौलपुर में आंधी से गिरे पेड़ के नीचे दबने से महिला की मृत्यु हो गई। डूंगरपुर में आंधी और बारिश से बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस बीच राज्य के पश्चिमी हिस्सों सहित अन्य क्षेत्रों में भीषण गर्मी तथा लू की चपेट में है। यहां दिन और रात के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही है। 47.3 डिग्री सैल्सियस के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभागों में कहीं–कहीं धूलभरी हवायें चलने और बरसात की संभावना व्यक्त की है। उधर जोधपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच पंहुचने तथा सीमावर्ती इलाकों में लू चलने की आशंका है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की करौली टीम ने हिण्डौन सिटी के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि परिवादी से मिली शिकायत के बाद ये कार्यवाही की गई। ये राशि परिवादी की फर्म की ओर से कराये गये कामों के कमीशन के तौर पर अभियंता भवानी सिंह मीणा के द्वारा मांगी गई थी।